**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 15-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा प्रैक्सिस विद्यापीठ में मिशन शक्ति5 के क्रम में आयोजित प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर छात्र-छात्राओं का किया उत्साहवर्धन।।**
- **जनपद बस्ती के रुधौली थाना परिसर में "मिशन शक्ति केन्द्र" व "साइबर हेल्पडेस्क" के नये कक्षों का किया गया उद्धघाटन।**

आज दिनांक 15.10.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा प्रैक्सिस विद्यापीठ, जनपद बस्ती में महिला सशक्तिकरण के क्रम में आयोजित प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा छात्र-छात्राओं के वैज्ञानिक मॉडलों, रचनात्मक कार्यों एवं नवाचारों का अवलोकन कर उनकी सराहना की गई। डीआईजी बस्ती द्वारा समाज में महिलाओं की सक्रिय एवं सशक्त भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि “महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु शिक्षा, जागरूकता एवं सामाजिक सहयोग सबसे प्रभावी माध्यम हैं।” तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा ‘मिशन शक्ति फेज-5.0’ के अंतर्गत थाना रुधौली परिसर में “मिशन शक्ति केन्द्र” एवं साइबर हेल्पडेस्क के नव-निर्मित कक्षों का उद्घाटन किया गया जिसके माध्यम से महिला सुरक्षा, सहायता एवं साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। डीआईजी बस्ती द्वारा डिजिटल वारियर्स, डिजिटल योद्धाओं, साक्षात्कार के माध्यम से चयनित विभिन्न छात्राओं, थाना स्तर पर मिशन शक्ति से संबद्ध महिला आरक्षियों एवं साइबर सेल से संबंधित पुरुष आरक्षियों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके उत्साह का संवर्धन किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित महिला आरक्षियों, छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों एवं आत्मरक्षा से संबंधित जागरूकता प्रदान की।

इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा डिजिटल वारियर्स, डिजिटल योद्धाओं, साक्षात्कार के माध्यम से चयनित छात्राओं, थाना स्तर पर मिशन शक्ति से संबद्ध महिला आरक्षियों तथा साइबर सेल से संबंधित पुरुष आरक्षियों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई एवं उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर प्र0नि0 रुधौली, मिशन शक्ति व एण्टी रोमियों टीम सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**